SNS academy
a fingerprint school
Sincerity, Nobility and Service

MONTHLY TEST- SEPTEMBER – 2019-20

HINDI (2nd Lang) Q.A

GRADE: IX-A&B **MARKS: 40**
DATE: 25.09.2019 **TIME: 1½ Hrs**

खंड - क

प्र. 1. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

चलें गाँव की ओर जहाँ पर हरे खेत लहराते।
मेड़ों पर हैं कृषक घूमते, सुख से बिरहा गाते।।
गेहूँ, चना, मटर, जौ सिर पर लेकर भार खड़े हैं।
बीच-बीच में प्रहरी जैसे दिखते वृक्ष बड़े हैं।।
चलें गाँव की ओर झोपड़े जहाँ झूकें धरती में।
तरु के नीचे खेल रहे हैं, बच्चे निज मस्ती में।।
कटि पर लिए गगरिया गोरी आती है बल खाती।
देख किसी गुरुजन को सम्मुख सहसा शरमा जाती।।

क) कवि ने काव्यांश में गाँव का वर्णन किस प्रकार किया है ? 2

गाँवों में हरियाली दिखती है,किसान खेतों में गाते हुए काम करते हैं, खेत अनाजों से भरे दिखते हैं।

ख) बच्चे कहाँ खेल रहे हैं ? 2

बच्चे पेड़ के नीचे खेल रहे हैं ।

ग) वृक्ष कैसे दिखते हैं ? 2

वृक्ष प्रहरी जैसे दिखते हैं ।

घ) काव्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए । 1

गाँव का दृश्य / गाँव की छटा

खंड –ख

प्र. 2. क. वर्ण-विच्छेद कीजिए । 2

1. संकल्प**- स + म् + क् + अ + ल् + प् + अ**

2. हिम्मत**- ह् + इ + म् + म् + अ + त् + अ**

ख. उचित स्थान पर अनुस्वार व अनुनासिक का प्रयोग कर शब्दों को दोबारा लिखिए। 1

1. कप-कपी- कँप-कपी 2. पकज- पंकज

ग. उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कर शब्दों को लिखिए। 1

1. ज्यादा- ज़्यादा 2. सिर्फ- सिर्फ़

प्र. 3. क. संधि कीजिए। 2

1. अधिक + अंश - अधिकांश

2. नि: + फल - निष्फ़ल

ख. संधि विच्छेद कीजिए। 2

1. पित्रर्पण- पितृ + अर्पण 2. इत्यादि- इति + आदि

प्र.4.क. निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द और उपसर्ग को अलग-अलग

लिखिए। 2

मूल शब्द		**उपसर्ग**
1. बादल-	दल	बा
2. अवगत -	गत	अव

ख. निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय को अलग-अलग लिखिए। 2

मूल शब्द		**प्रत्यय**
1. सर्वत्र -	सर्व	त्र
2. मूल्यहीन-	मूल्य	हीन

ग. निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए। 2

1. जाड़े के दिन थे ही, तिस पर, हवा के प्रकोप से ठंड लग रही थी।

2. चिट्ठियों को मैंने, टोपी में रख लिया क्योंकि कुर्ते में जेबें न थी।

खंड- ग

प्र.5. प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. कीचड़ के प्रति किसी को सहानुभूति क्यों नहीं होती ? 2

ख. जमीन ठोस होने पर उस पर किनके पद्चिह्न अंकित होते हैं ? 2

ग. नदी के किनारे कीचड़ कब सुन्दर दिखता है ? 1

प्र. 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) आदमी किन्हें ताड़ता है और क्यों ? 2

ख) महामारी के भीषण ज्वर का सुखिया पर क्या प्रभाव दिखाई दिया ? 2

प्र. 7. 'मनुष्य का अनुमान और भावी योजनाएँ कभी-कभी कितनी मिथ्या

और उल्टी निकलती है'- का आशय स्पष्ट कीजिए । 5

खंड- घ

प्र. 8. दिए गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर **80** से **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5

क) संयुक्त परिवार- • संयुक्त परिवार अर्थ और महत्त्व • बच्चों की सुरक्षा एवं रिश्तों का ज्ञान • अकेलेपन से मुक्ति

ख) नशाबन्दी - • नशे के प्रकार • कारण और दुष्परिणाम • नशे से दूर रहने के उपाय